न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, खूँटी

अनुमति वाद संख्या :— 326 / 2018—19

(छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा — 46)

गोला पहान — विक्रेता

बुधवा पहान — क्रेता

आदेश की क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी, तारीख सहित
22.11.18	**आदेश** आवेदक गोला पहान पिता स्व0 डोन्का पहान ग्राम—कर्रा रोड नावाटोली, खूँटी, थाना खूँटी, जिला खूँटी ने बुधवा पहान पिता चुनु पहान ग्राम—कर्रा रोड नावाटोली, खूँटी, थाना खूँटी, जिला खूँटी के साथ निम्नलिखित भूमि के विक्रय हेतु छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 के अन्तर्गत अनुमति हेतू आवेदन पत्र दिया है। ग्राम: खूँटी; थाना नं0: 83; खाता नं0: 06; खेसरा सं0: 183; रकबा (एकड़ में): 0.06½ उभय पक्ष अपने विद्वान अधिवक्ता के साथ उपस्थित हुए आवासीय / जाति प्रमाणपत्र / खतियान एवं लगान की रसीद सं0 1493200933 की छायाप्रति प्रस्तुत की गई। नोटिस का तामिला प्रतिवेदन प्राप्त है। अंचल अधिकारी, खूँटी के पत्रांक 988 दिनांक 20.11.2018 से जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। जाँच प्रतिवेदन के अनुसार प्रश्नगत भूमि खतियानी है। खतियानी रैयत का नाम अरजुन पाहन वगैरह हैं। पंजी II के अनुसार मांगरा पाहन वैगरह के नाम भूमि का रकवा 2.40½ एकड़ है। आवेदक के पास रकवा 1.20 एकड़ एवं अन्य खाता मौजा खूँटी 1.40 एकड़ कुल रकबा 2.60 एकड़ भूमि है। मालगुजारी का भुगतान वित्तीय वर्ष 2017—18 तक किया गया है। भूमि का न्युनतम प्रस्तावित दर 163900.00(एक लाख तिरीसठ हजार नौ सौ)रू0 प्रति डीसमिल है। इस भूमि के विक्रय में आवेदक के हिस्सेदारों की कोई आपत्ति नहीं है। भूमि विक्रय के बाद आवेदक के पास कुल भूमि अवशेष 2.53½ एकड़ रह जाती है। इस प्रकार आवेदक भूमिहीन नहीं होते हैं। आवेदक के विद्वान अधिवक्ता का कथन है कि क्रेता एवं विक्रेता एक ही थाना खूँटी के निवासी हैं एंव एक ही जाति (अनुसूचित जनजाति समुदाय) के सदस्य हैं। आवेदक अपने हिस्से की भूमि जो इनके दखल कब्जे की है। जिसे मकान बनाने हेतु विक्री करना चाहते हैं। प्रश्नगत भूमि गैर मजरूआ आम, खास, मन्दिर, मस्जिद, भूईहरी, पहनाई, कैसरेहिन्द, भूहदबन्दी एवं खुटकटी के दायरे में नहीं है। अंचल अधिकारी, खूँटी ने आवेदक क्रेता—विक्रेता को भूमि क्रय—विक्रय करने हेतु अनुशंसा किये हैं। आवेदक के विद्वान अधिवक्ता के बहस को सुनने प्रस्तुत कागजात एवं अंचल अधिकारी, खूँटी से प्राप्त प्रतिवेदन के अवलोकन एवं किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने के कारण गोला पहान पिता स्व0 डोन्का पहान को बुधवा पहान पिता चुनु पहान के साथ ग्राम खूँटी के खाता सं0 06 खेसरा संख्या 183 का रकबा 0.06½ एकड़ भूमि न्यूनतम प्रस्तावित दर 163900.00(एक लाख तिरीसठ हजार नौ सौ)रूपये प्रति डिसमिल या जिला अवर निबंधक, खूँटी के द्वारा निर्धारित दर पर अंचल अधिकारी, खूँटी के अनुशंसा के आधार पर भूमि विक्रय की अनुमति दी जाती है। अभिलेख अभिलेखागार, खूँटी में जमा करें। लेखापित एवं संशोधित [signature] 22/11/18 भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, खूँटी। [signature] 22/11/18 भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, खूँटी।	

ग्राम	थाना नं0	खाता नं0	खेसरा सं0	रकबा (एकड़ में)
खूँटी	83	06	183	0.06½